# कौशल विकास एवं सेवायोजन विभाग (प्रशिक्षण प्रखण्ड), उत्तराखण्ड के अन्तर्गत आईटीआई (NCVET) प्रवेश सत्र 2025–26 सम्बन्धी सूचना

आईटीआई (एनसीवीईटी) में प्रवेश हेतु प्रथम चरण की काउन्सिलिंग का परिणाम घोषित कर प्रवेश हेतु अर्ह अभ्यर्थियों को औपबंधिक आबंटन पत्र जारी कर दिये गये है। इस सम्बन्ध में अभ्यर्थियों को व्यक्तिगत रूप से ईमेल एवं एसएमएस द्वारा भी सूचित किया गया है। अभ्यर्थी अपने डैशबोर्ड से लॉगिन कर औपबंधिक आबंटन पत्र (Allotment Letter) डाउनलोड कर सकते हैं।

ऑफलाईन माध्यम से आवेदित अभ्यर्थियों को उनके पोर्टल /डैशबोर्ड सम्बन्धी विवरण, अभ्यर्थी द्वारा उपलब्ध कराये मोबाईल नम्बर पर एसएमएस एवं ईमेल द्वारा प्रेषित किया गया है। यदि किसी अभ्यर्थी को इस सम्बन्ध में असुविधा हो तो, परिषद की वेवसाईट www.vpputtarakhand.in पर उपलब्ध विशेष मार्गदर्शिका के अनुसार पोर्टल /डैशबोर्ड पर लॉगिन सम्बन्धी कार्यवाही कर सकता है अथवा उस संस्थान में भी सम्पर्क किया जा सकता है जहॉ अभ्यर्थी द्वारा ऑफलाईन आवेदन जमा किया गया हो।

- चयनित अभ्यर्थी औपबंधिक आबंटित आईटीआई में **दिनांक 06.08.2025 से 11.08.2025** तक उपस्थित होकर प्रवेश की प्रक्रिया पूर्ण करें।
- प्रशिक्षार्थी द्वारा निम्न अभिलेख/शुल्क प्रवेश हेतु जमा किये जायेगें।
  क) समस्त प्रमाण पत्रों की मूल प्रतियॉ
  ख) समस्त प्रमाण पत्रों की एक स्वप्रमाणित प्रति
  ग) चिकित्सा / चरित्र प्रमाण पत्र मूल रूप में
  घ) दो फोटोग्राफ
  च) आवंटन पत्र मूल रूप में
  छ) राज्य सरकार द्वारा निर्धारित प्रशिक्षण एवं अन्य शुल्क।
- यदि अभ्यर्थी द्वारा निर्धारित समय के भीतर संस्थान में प्रवेश नहीं लिया जाता है, तो औपबंधिक आबंटन निरस्त कर उक्त सीट खाली मानते हुये अग्रिम चरण हेतु अग्रेसित कर दी जायेगी।
- विस्तृत जानकारी के लिए आज ही अपने निकटवर्ती राजकीय आईटीआई में संपर्क करें या 7302663922 पर कॉल करें अथवा विजिट करें www.vpputtarakhand.in

निदेशक